हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34 .6 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 अवैध कॉलोनियों पर चली डीटीपी की जेसीबी...


12 अभिमन्यु में बढ़ा दुष्यंत का विश्वास संगठन में...


## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने आसलवास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर कई आरोपियों के खिलाफ 25 अगस्त को केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आसलवास निवासी रोहित, राहुल, सरजीत, सोनू और संदीप को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पांचों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आत्महत्या प्रकरण में एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मार्च माह में युवक के आत्महत्या प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मृतक के सुसाइड नोट के आधार पर गत 28 मार्च को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया था। सुसाइड नोट को जांच के लिए एफएसएल भेजा गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद एचपी कॉलोनी निवासी चेतन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### स्मैक बेचने का आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने स्मैक बेचने के आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एचएसएनसीबी की टीम ने बड़ा तालाब के पास मोहल्ला बास सिताबराय निवासी जितेंद्र उर्फ सोनू को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज कराने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए।

### मारपीट में मामले में तीन काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने गंगायचा अहीर में हुए झगड़े के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 8 सितंबर को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गंगायचा अहीर निवासी देवेंद्र कुमार, संदीप व रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नकदी व जेवर लेकर युवती फरार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा अंतर्गत शहर की एक कॉलोनी से करीब 20 वर्षीय युवती रात के समय घर से नकदी व सोने की चेन लेकर फरार हो गई। युवती के पिता ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी बेटी रात को अपने कमरे में सो गई थी। सुबह वह कमरे से गायब मिली। घर में सामान चेक करने पर 5 हजार रुपये, सोने की चेन व लड़की के सर्टिफिकेट नहीं मिले। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पूछताछ के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### कोसली क्षेत्र के गांव से नाबालिग लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक नाबालिग सोमवार रात बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। लापता नाबालिग के पिता ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी रात को परिवार के साथ सोई थी। प्रातः जब वे उठे तो उनकी बेटी घर से गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारियों में पता कर किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

# सूबेदार भूपेंद्र सिंह चौहान का पैतृक गांव में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ, आस-पास के गांवों के लोगों की उमड़ी भीड़

श्रद्धांजलि यात्रा निकली गई और श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुंड

कुंड कस्बे के साथ लगते राजस्थान के गांव विजय नगर निवासी 43 वर्षीय सूबेदार भूपेंद्र सिंह चौहान जम्मू-कश्मीर में पुंछ-राजौरी में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। मंगलवार को सैनिक सम्मान के साथ पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। गांव में श्रद्धांजलि यात्रा निकली गई और जवान को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर एएससी के जनरल मुकेश चड्ढा व कोटपूतली-बहरोड के एसपी देवेंद्र बिश्नोई सहित सेना के शीर्ष अधिकारी तथा राजस्थान व हरियाणा के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। जवान की अंतिम यात्रा में रेवाड़ी के गांव कुंड, मांढ़ण, पाड़ला व मनेठी सहित अनेक गांवों के लोग शामिल थे। जवान अपने पीछे एक लड़की पायल व एक लड़का गौरव, पत्नी कोमल, मां गुलाब देवी व पिता रामनिवास सिंह सूबेदार मेजर समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। जवान के चाचा मनोज सिंह ने बताया कि उसका भतीजा भारतीय सेना में एएससी की 525 बटालियन में जम्मू-कश्मीर में तैनात था। जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में ड्यूटी के दौरान 7 सितंबर को ड्यूटी के दौरान जवान का निधन हो गया।

**खास बातें**

- भारतीय सेना में एएससी की 525 बटालियन में जम्मू-कश्मीर में थी तैनाती
- जवान अपने पीछे एक दो बच्चे व पत्नी कोमल को छोड़ गए

## अंतिम यात्रा के दौरान लोगों की आंखों से छलके आंसू हर आंख हुई नम

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर एसडीएम महेंद्र सिंह यादव, कोटपूतली-बहरोड़ के जिला सैनिक बोर्ड से विंग कमांडर गिरी देव यादव, डीएसपी सचिन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता डा.जितेंद्र पाल, हिमांशु गोयल, चेयरमैन बलवान शर्मा, मोहित यादव, जिला पार्षद झाबर सिंह, गांव के सरपंच सुभाष कमांडों, प्रधान डा. गुलाब सिंह सैदपुर, पूर्व सैनिक व सरपंच चेतराम गणियार, मांढ़ण थाना प्रभारी राम किशोर, हवलदार अभय सिंह यादव राता, सरपंच अरिवद, मुकेश कुमार, तेजप्रकाश व सूबेदार मेजर जयपाल सिंह सहित सेना व पुलिस के जवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। आर्मी के सूबेदार भूपेंद्र सिंह चौहान को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### वर्ष 2000 में भर्ती हुए थे सुबेदार भूपेन्द्र

सैनिक परिवार से ताल्लुक रखने वाला जवान भूपेंद्र सिंह चौहान बेंगलुरू में 2000 में भर्ती हुए थे तथा उनका विवाह 2003 में हुआ था। उनका बड़ा लड़का गौरव 12वीं में तथा छोटी लड़की पायल 11वीं में पढ़ती है। उनकी पत्नी कोमल एमए बीएड पास है। जवान के पिता रामनिवास सिंह भी आर्मी में सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका भाई महेंद्र सिंह व भतीजा कैप्टन रामसिंह भी आर्मी में अपनी सेवा दे रहे है। जवान को जनरल मुकेश चड्ढा उल्लेखनीय सेवाओं के चलते तीन बार सम्मानित भी कर चुके है।

## सुर्ख हुए टमाटर के तेवर पड़े नरम, दूसरी सब्जियों के दामों में वृद्धि

# हिमाचल में बाढ़ ने बिगाड़ा सेब का स्वाद बारिश के बाद तरकारी के दाम भी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

मानसून के सीजन में इस बार भारी बारिश के कारण खराब हुई सब्जियों की फसल का असर अब देखने को मिलना शुरू हो गया है। टमाटर को छोड़कर अन्य लगभग सभी सब्जियों के दाम बढ़ रहे हैं। टमाटर की कीमतों में कमी जरूर आई है। हिमाचल में फसल बर्बाद होने के कारण सेब के दाम भी बढ़ने शुरू गए हैं, जो नवरात्रों में आम लोगों की पहुंच से बाहर हो सकते हैं। जिले में सब्जी की फसलों का रकबा लगभग 2 हजार हेक्टेयर तक सीमित है।

**जिले में सब्जी की फसलों का रकबा लगभग 2 हजार हेक्टेयर तक सीमित**

ज्यादातर सब्जियां राजस्थान और दूसरे राज्यों से आती हैं। फलों का उत्पादन भी जिला स्तर पर नहीं के बराबर होता है। फल भी दूसरे राज्यों से सप्लाई होते हैं। इस बार मानसून के सीजन में कई राज्यों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इससे फलों और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हिमाचल व जम्मू कश्मीर से भारी मात्रा में सेब की आपूर्ति होती है। दोनों राज्यों में बाढ़ के बाद सेब की आपूति पर ब्रेक लगे हुए हैं। रास्ते बंद होने के कारण सेब की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे इसके दामों में उछाल आना शुरू हो गया है। साधारण किस्म की सेब अब 150 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अच्छी क्वालिटी की सेब के दाम 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। इस समय श्राद्ध पक्ष चल रहा है, जिससे सेब की डिमांड कम है। नवरात्रों में सेब की डिमांड काफी बढ़ जाती है। माह के अंत में नवरात्र शुरू होते ही सेब के दामों में बेतहासा वृद्धि होने के आसार बने हुए है, जिससे उपवास रखने वाले उपासकों के लिए सेब खरीदना जेब खाली करने का सौदा साबित होगा।



रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में दुकान पर रखे सेब। *फोटो: हरिभूमि*



रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में दुकान पर रखी सब्जियां। *फोटो: हरिभूमि*

### राजस्थान से सब्जियों की आपूर्ति

जिले में सब्जी उत्पादक किसानों की संख्या काफी कम है। सब्जियों की ज्यादातर आपूर्ति राजस्थान के कोटपुतली, बहरोड़ व जयपुर आदि स्थानों से होती है। इस बार बारिश ने राजस्थान में भी सब्जी फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिस कारण आपूर्ति पर काफी असर पड़ा है। आपूर्ति कम होने से सब्जियों के दाम प्रति किलोग्राम 10 से 20 रुपये तक बढ़ गए हैं। अनसीजनल सब्जियों के दाम तो आसमान छूने लगे हैं। अभी तक सुर्ख लाल होकर 70 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिकने वाला टमाटर सस्ता होकर 40 रुपये तक पर आ गया है, जिससे लोग चटनी से भी काम चला सकते हैं।

### सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी

| सब्जियों के दाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| घीया | 40 | 50 |
| तोरई | 50 | 60 |
| गाजर | 50 | 60 |
| भिंडी | 50 | 60 |
| शिमला मिर्च | 80 | 100 |
| गोभी | 80 | 100 |
| ग्वार फली | 60 | 80 |
| पेठा | 20 | 30 |
| आलू | 25 | 30 |
| टिंडा | 80 | 100 |
| प्याज | 20 | 30 |
| खीरा | 40 | 50 |

| फलों के दाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| सेब | 150 | 200 |
| केला | 40 | 50 |
| पपीता | 40 | 50 |
| अमरूद | 50 | 60 |
| अंगूर | 120 | 150 |
| अनार | 100 | 50 |

**रास्ते बंद होने के कारण जम्मू कश्मीर से सेब की आपूर्ति पर लगे ब्रेक**



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते पुलिसकर्मी।

## ट्रैफिक पुलिस का जागरुकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताए

- पुलिस ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

ट्रैफिक पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा के अंतर्गत लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस की ओर से गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल राजगढ़ में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों व नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया गया। पुलिस ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को ट्रैफिक नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, नशीले पदार्थ और बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग न करने सहित नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने को लेकर जागरूक किया।

### सहयोग की अपील

इस मौके पर ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक ताराचंद ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर खेलों में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर दे। पुलिस द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए भी प्रेरित किया। ट्रैफिक थाना प्रभारी ताराचंद ने कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाना बहुत जरूरी है, इसको नजरअंदाज करने से हमारे जीवन में बहुत से सड़क हादसे हो सकते हैं। अधिकांश सड़क हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रॉन्गटर्न, ओवरस्पीड व रैश ड्राइविंग पर कंट्रोल रखें। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का सही से पालन करने पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

## सीआईए टीम को मिली बड़ी सफलता

# दिनेश हत्याकांड के तीन और आरोपी चढ़े हत्थे

- दिनेश की उसके जन्मदिन के दिन ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

गत वर्ष जुलाई माह में गारमेंट्स की दुकान चलाने वाले रानौली निवासी दिनेश की हत्या के मामले में सीआईए धारूहेड़ा ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दिनेश की उसके जन्मदिन के दिन ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस 8 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रानौली निवासी शीशराम ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनके लडके दिनेश कुमार ने जलियावास में गारमेंटस व किरयाना की दुकान कर रखी थी। गत वर्ष 5 जुलाई को उसके बेटे दिनेश कुमार का जन्मदिन था, जिसकी वजह से वह अपने बेटे को बुलाने के लिए दुकान पर गया था। उनकी दुकान से कुछ दूर पर एक मोमोज की रेहड़ी लगी हुई थी, जिस पर एसपी उर्फ शिव गांव जलालपुर एवं सुम्मी गुर्जर पातूहेड़ा व अमित पहलवान गांव आसलवास ये तीनों मोमोज खा रहे थे। तीनों उसके लड़के के पास आए और झगड़ा करने लग गए। समझाने के बाद वह सभी वहां से चले गए। उसके बाद वह अपने बेटे के साथ दुकान के पास चौराहे पर आकर बैठ गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अस्पताल में कर दिया था मृत घोषित

आसपास के लोगों की मदद से शीशराम अपने बेटे दिनेश को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल रेवाड़ी लेकर गया, जहां डाक्टरों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कसौला में हत्या का मामला दर्ज करके मामले में एक नाबालिग सहित 8 आरोपी गिरफ्तार कर लिए थे। इस मामले में सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने गांव चिरहाडा निवासी हरकेश उर्फ हिमांशु, अमित उर्फ अम्मू व रविन्द्र उर्फ चट्टा को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### गांव झोलरी के खेत से किसान की बाइक चोरी

**कोसली।** झोलरी गांव में चोर एक किसान के खेत में खड़ी मोटरसाइकिल को चुरा कर ले गए। किसान ईश्वर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेत में मोटरसाइकिल खड़ी करके काम में लग गया। इस दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति खेत से मोटरसाइकिल चोरी करके ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 71 चालकों के किए चालान

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस की ओर से पिछले तीन दिनों में ड्रिंक एंड ड्राइव का अभियान चलाकर नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 71 चालकों के चालान किए है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी पुलिस अधिकारियो व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक नियमों का दृढ़ता से पालन कराने के निर्देश दिए है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर नशे में वाहन चलाने वालों के ऊपर कड़ा शिकंजा कसना है।



वाहन चालकों की जांच करती पुलिस।

### कानून व्यवस्था पर दिया जोर

एसपी ने कहा कि पुलिस की ओर से लगातार ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस की ओर से इस प्रकार के अभियान भविष्य में समय-समय पर चलाए जाएंगे।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# लिंगानुपात में सुधार और ट्रेकिंग पर विशेष फोकस रखें विभाग: डीसी

अधिकारियों कागर्भवती महिलाओं का समय पर रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं का समय पर रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रक्रिया में संबंधित एएनएम व आंगनबाड़ी सुपरवाइजर किसी भी रूप से रिपोर्टिंग सही तरीके से नहीं करती हैं तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक ले रहे थे। डीसी ने बैठक में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पोषण व पीसी पीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



रेवाड़ी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। *फोटो: हरिभूमि*

### महिला एवं बाल विकास विभाग की जानकारी दी

जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की गई जागरूकता गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लड़की के जन्म पर घर के द्वार पर लोगो पेस्टिंग, लड़की के जन्म पर कुआं पूजन, कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए शपथ कार्यक्रम, आंगनबाड़ी में बेटियों का जन्मदिन मनाने, सिग्नेचर कैंपेन, पौधारोपण अभियान, बालिका दिवस, स्लोगन प्रतियोगिता, जागरूकता रैली व कलश यात्रा के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। बैठक में एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम कोसली विजय कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान, सिविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव व डीपीसी राजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।


## लाइफ Style

# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।



## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*







***ऋतिक रोशन :*** *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा :*** *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी :*** *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट :*** *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर :*** *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*

***रणवीर सिंह :*** *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण :*** *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा :*** *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ :*** *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान :*** *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप

### जाट धर्मशाला में जागृति पत्रिका का विमोचन 12 को



**रेवाड़ी।** प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह 12 सितंबर को जाट धर्मशाला में समाज की नवप्रकाशित पत्रिका जागृति का विमोचन करेंगे। निजी सचिव हरिन्द्र सिंह यादव ने बताया कि इस अवसर पर मंत्री समाज की गतिविधियों की जानकारी लेंगे तथा उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।



### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने जून माह में मोहल्ला शिव कॉलोनी में एक फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। विजय कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 26 जून को उसके मकान के बहार दो युवक मोहल्ला कुतुबपुर निवासी गौरव व हेमंत उर्फ हांडी बाइक पर आए और उसके मकान पर फायरिंग करने लगे। बेटी ने मकान का दरवाजा खोलकर देखा तो सीधे फायर कर दिया।

### एचआईवी एड्स को लेकर जागरूकता अभियान

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला आयोजित कि गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नागरिक अस्पताल के एचआईवी काउंसलर डॉ. दिनेश शर्मा ने विद्यार्थियों को एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है।

## स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों को दिलाई जा रही स्वच्छता की शपथ

# शहर को स्वच्छ और गंदगी मुक्त बनाने में जुटा प्रशासन, लोगों का मिल रहा सहयोग

### नोडल अधिकारी कर रहे वार्डो में मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। विद्यार्थियों व अध्यापकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते सीएसआई सुधीर कुमार। व शहर में सफाई करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत जिला प्रशासन शहरी क्षेत्र में जन आंदोलन के साथ कार्य करते हुए रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा का सौंदर्यकरण व सुधारीकरण करते हुए जनहित में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में जिला में अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सफाई अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी क्षेत्रवासियों में स्वच्छता की अलख जगाने में अपना अतुलनीय योगदान दे रहे हैं और निरंतर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देते हुए बेहतर वातावरण तैयार किया जा रहा है। लोगों को स्वच्छता के प्रति सचेत करते हुए चालान भी किए जा रहे हैं। डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत जिले के शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर परिषद की ओर से हेल्पलाइन नंबर 8572827322 भी जारी किया है।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा शहरी क्षेत्र में शहरी स्वच्छता अभियान के तहत सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से वार्ड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी स्वच्छता दूत के रूप में फील्ड में पहुंचकर गणमान्य लोगों के साथ मेरा वार्ड-सबसे साफ वार्ड करने के लिए सक्रियता बरत रहे हैं। नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका बावल व धारूहेड़ा की ओर से शहर में साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा रहा है। वार्ड की गलियों में कूड़ा उठान प्रक्रिया, कूड़े करकट के ढेर को साफ करने, आमजन को पॉलिथीन का उपयोग न करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए नोडल अधिकारियों की ओर से आवश्यक कदम उठाएं जा रहे हैं।

### सफाई बनाए रखने की ली शपथ

जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड नंबर 24 कुतुबपुर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। सफाई कर्मचारियों द्वारा वार्ड नंबर-24 में प्राइमरी स्कूल में बच्चों को अध्यापकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई रखने में अपने आसपास गंदगी नहीं होने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही बच्चों के माध्यम से उन्हें स्वच्छता दूत बनाते हुए अभिभावकों को भी कूडा करकट सडकों पर न फेंकने के लिए प्रेरित किया गया। डीएमसी ने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य शहरी क्षेत्र के सभी 31 वार्डों व नगर पालिका क्षेत्र धारूहेड़ा व बावल को गंदगी मुक्त बनाना है। नगरपरिषद ईओ सुशील कुमार ने बताया कि इस मुहिम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है और स्वच्छता अपनाने की शपथ भी सार्वजनिक स्थलों पर दिलवाई जा रही है।

### आमजन के सहयोग से स्वच्छ बन रहा शहर


डीसी अभिषेक मीणा ने शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में आमजन से आह्वान किया कि इस अभियान में आमजन का सहयोग आवश्यक है, ऐसे में सभी नागरिक सभ्य समाज के रूप में इस सफाई अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं। डीसी ने कहा कि 11 सप्ताह तक चलने वाले विशेष सफाई अभियान में शहर के सभी वार्डों में नालियों की साफ-सफाई की जा रही है और नगर वासियों को सफाई रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गलियों व कॉलोनियों में जहां भी गंदगी देखने को मिलती है, वहीं नियुक्त नोडल अधिकारी टीम के साथ गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सफाई करा रहे रहे हैं।

## पीएम श्री विद्यालय बावल में जिला स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# 20 विद्यार्थियों ने बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल के हेरीटेज हॉल में जिला स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ एसडीएम बावल मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर डीएमएस अशोक नामवाल, डीएसएस रेनू यादव व खंड शिक्षा अधिकारी बावल राजबाला उपस्थित रही। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 20 विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनी में बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किए। डीपीसी राजेंद्र शर्मा ने




रेवाड़ी। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

विज्ञान को बड़े ही रोचक तरीके से विभिन्न विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया, साथ ही उन्होंने विभिन्न अध्यापकों को विज्ञान विषय में प्रयोगात्मक शिक्षण के लिए प्रेरित किया।


### इन्होंने योगदान दिया

जिला स्तरीय प्रदर्शनी में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर से डा. सुमन, सहायक प्रोफेसर महिला महाविद्यालय बावल राजेश कुमार गुप्ता व सहायक प्रोफेसर महिला महाविद्यालय गुरुग्राम डा. प्रेमलता यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रदर्शनी में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बरेली कला के हर्ष सलूजा ने प्रथम, रावमावि राजगढ़ के अरशद ने द्वितीय, रावमावि सीहा की मीनाक्षी ने तृतीय व रामॉसंवमावि गढ़ी बोलनी के तनुज शर्मा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। बावल विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के अध्यापकों व प्राध्यापकों ने कार्यक्रम में योगदान दिया।

# जादूगर सम्राट शंकर बने राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के संरक्षक, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के मुख्य संरक्षक फगन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर को राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ का राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत किया गया। जादूगर सम्राट ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता ने सम्राट जादूगर को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश नवनियुक्त फरीदाबाद जिलाध्यक्ष सतीश खटाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली प्रदेश प्रभारी मदनलाल गोयल, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष



रेवाड़ी। जादूगर सम्राट शंकर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

सतराज जून, प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित लोहिया, प्रदेश कोर्डिनेटर मौहरपाल शर्मा, प्रदेश सचिव दिनेश खटाना, प्रदेश मीडिया प्रभारी मधु वशिष्ठ, फरीदाबाद उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री संतोष यादव व कोषाध्यक्ष आनंद नागर उपस्थित थे।

# विरासत की हिफाजत थीम पर आयोजित होंगी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम

आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विरासत की हिफाजत थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिला के ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों को भी इन स्थलों का भ्रमण कराते हुए ऐतिहासिक धरोहर की जानकारी दी जाएगी।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस अवधि के दौरान जिला की चयनित ऐतिहासिक धरोहरों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। डीसी ने बताया कि विरासत की हिफाजत स्वच्छता के प्रति देश की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, इसमें देश भर के ऐतिहासिक स्थलों पर एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना बनाई गई है, जिसमें एकल-उपयोग के प्लास्टिक को खत्म करने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य कारगर तरीके से कचरा निपटान की सुविधा प्रदान करना, स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ाना और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने को प्रोत्साहित करते हुए एकल-उपयोग के प्लास्टिक को खत्म करना है।

### सहयोग देने का आह्वान

डीसी ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अनुपालन के लिए एएसआई ने रेवाड़ी सहित प्रदेश के संरक्षित स्मारकों और स्थलों की पहचान की है, जहां व्यापक स्वच्छता गतिविधि की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता की यह पहल विद्यार्थियों व आमजन को सरल व प्रभावशाली कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा, स्थानीय समुदायों के आर्थिक विकास और सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान देती है।

### नव आगुंतक विद्यार्थियों का स्वागत

# नए विद्यार्थियों को दी कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़

राजकीय महाविद्यालय बावल में सोमवार को नव आगुंतक विद्यार्थियों के लिए प्राचार्या डा. नमिता के संचालन में एक्यूएसी विभाग के तत्वावधान में संतपाल की ओर से ओरियंनटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय में चलने वाले संकायों व अन्य कमेटियों जैसे एनएसएस, एनसीसी, कल्चरल, लाइब्रेरी, प्लेसमेंट, विमेन सेल व इंटरनल हरासमेंट सेल के क्रियान्वन व कॉलेज में होने वाली वार्षिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. नमिता ने विद्यार्थियों को जीवन में शैक्षणिक उत्थान के साथ-2 जीवन को सफल बनाने के लिए सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर इंद्रजीत सिंह ने अपने विषय से संबंधित व अन्य व्यावहारिक ज्ञान पर प्रकाश डाला गया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए प्रोफेसर। फोटो :हरिभूमि

### यै रहे मौजूद

*डा. निशा, सावित्री देवी, सुदेश देवी, ऊषा कुमारी, डा. नीतू सिंह, बबीता यादव, पूजा ग्रोवर, विवेक भारती, रेखा यादव, रेखा चोपड़ा, देवेन्द कुमार व सुरेन्द्र कुमार शास्त्री सहित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जानकारी दी। मंच संचालन डा. किरण शर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।*

# छात्राओं को किया डेंटल हाइजीन के बारे में किया जागरूक



रेवाड़ी। छात्राओं को दांतों की सुरक्षा की जानकारी देतीं कोसली अस्पताल की डा मुकेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में सिविल अस्पताल की डाक्टरों की टीम ने छात्राओं को डेंटल हाइजीन व स्वस्थ रहने के लिए दिए टिप्स दिए। डेंटल सर्जन डॉ मुकेश ने छात्रों को बताया कि दातों को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम दो बार नियमित ब्रश करें। फ्लोराइड टूथपेस्ट का उपयोग करें। कैल्शियम युक्त आहार लें व चीनी का सेवन कम करें। उन्होंने बताया अपने टूथब्रश को हल्के कोण पर पकड़े और गोल-गोल घूमते हुए ब्रश करें। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनूप सिंह, प्रवक्ता बाल योगेश्वर, माया यादव, नरेंद्र, सुमन, राजबाला, रेखा, नीलम रानी, सुनील कुमार, जितेंद्र व ममता सहित अन्य अध्यापक मौजूद थे।

# निमोठ गांव में चोरों का उत्पात, सात किसानों के फव्वारा नोजल ले गए





रेवाड़ी। खेतों से फव्वारा सेटों से उखाड़े गए नोजल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

निमोठ गांव में चोर सोमवार की रात सात किसानों के खेतों से फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

मंगलवार सुबह जब किसान अपने खेतों में गए तो उनके फव्वारा सेटों से नोजल गायब मिले। चोर हंसराज, देवेंद्र, संदीप, बिरेंद्र, छोटेलाल, महेंद्र व नित्यानंद आदि किसानों के नोजल चोरी कर ले गए। कुछ नोजल खोलकर चोरी किए गए, तो कुछ तोड़कर ले गए। किसानों ने बताया कि चोरी की वारदात बोहका व मानपुरा की ओर जाने वाले रास्तों के साथ लगने वाले खेतों में हुई है। किसानों का



हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। चोरी प्रभावित किसानों की संख्या ज्यादा भी हो सकती है। किसानों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। चोरी की इस घटना से किसानों में रोष है। चोरों का जल्द पता लगाने की मांग की है। साथ ही इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लार्वा मिलने पर अब तक 2202 लोगों को दिए नोटिस

### स्वास्थ्य विभाग की टीम से फॉगिंग कराने की मांग

# सात लोगों को और लगा एडीज का डंक, फॉगिंग में ढील के कारण 142 पर पहुंचा डेंगू मरीजों का आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अगस्त माह से जिले में डेंगू के केसों ने रफ्तार पकड़ी हुई है। फोगिंग कार्य धीमा होने व लोगों की लापरवाही से एडीज मच्छर का लार्वा पनपता जा रहा है। शहरी क्षेत्र में फोगिंग नहीं होने के कारण मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है। गत वर्ष फोगिंग में ढील के कारण डेंगू के 411 पॉजिटिव मरीज मिले थे। सोमवार का 7 डेंगू पॉजिटिव नए मरीज मिलने से संख्या 142 पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू केस मिलने वाले स्थानों पर फोगिंग कराई जा रही है तथा नगर परिषद फोगिंग कार्य को लेकर सुस्त पड़ी हुई है। इसके अलावा अब तक मलेरिया के भी 13 केस मिल चुके है। अभी तक मिले डेंगू मरीजों में 124 की प्राइवेट व 18 मरीजों की सरकारी लैब से पुष्टि की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव के मार्गदर्शन में हेल्थ इंस्पेक्टरों की टीम डेंगू की रोकथाम के लगातार प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य कर रही है तथा घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दिए जा रहे है। अब तक लार्वा मिलने पर 2202 से लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 18231281 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है। विभाग से सावधानी बरतने को कहा है।





रेवाड़ी। लार्वा मिलने पर नोटिस देते हुए स्वास्थ्यकर्मी। पक्षियों के बर्तन में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

### आस पास सफाई रखें



डा. अमित यादव।

*ठहरे हुए पानी में काला तेल डाले डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में व आसपास साफ-सफाई रखे। ठहरे हुए पानी में काला तेल डाले। घरों के बर्तन, कूलर, पानी की टंकी व पशुओं की खेल की सफाई करते रहे, जिससे मच्छर का लार्वा न पनप सके। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर ब्लड की जांच कराकर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयां ले। ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थो का सेवन करें।*

### मलेरिया के 13 मरीज मिल चुके

इस सीजन में अभी तक 142 डेंगू पॉजिटिव व मलेरिया के 13 मरीज मिल चुके है। जिले में अभी तक शहर में 49, बावल सीएचसी में 23, मीरपुर सीएचसी में 12, खोल सीएचसी में 33, गुरावड़ा सीएचसी में 8 तथा नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 7 डेंगू के मरीज मिल चुके है। अब तक 2456 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में 41 व प्राइवेट अपताल में 19 सहित 60 लोगों के ब्लड सेंपल लिए गए। अस्पतालों में फिलहाल डेंगू के 7 मरीज एडमिट है।

## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी काबू

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 12 अक्टूबर को गुरावड़ा निवासी पवन कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने अपनी बाइक बावल के दशहरा ग्राउंड के पास एक्सिस बैंक के पास खड़ी की थी। इसके बाद वह किसी काम से चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी पूछताछ के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला।

### वीर सैनिकों को समर्पित रक्तदान शिविर 28 को

**रेवाड़ी।** मोती चौक व्यापार संगठन की ओर से 28 सितंबर को वीर सैनिकों को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के प्रधान पुरुषोत्तम दास कोसली वाले ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन डा. वसंत गुप्ता के प्रतिष्ठान अन्नपूर्णा डेंटल क्लिनिक कानोड गेट पर किया जाएगा। शिविर में गुरुग्राम से प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम रक्त एक9ति करेंगी। शिविर का समय प्रातः 9 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। संगठन के मीडिया प्रभारी दिनेश कपूर ने बताया कि कार्यक्रम में डेंटिस्ट संगठन सहयोग कर रहे हैं।

डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद अवैध कॉलोनियां काटने से बाज नहीं आ रहे भूमाफिया

# अवैध कॉलोनियों पर चली डीटीपी की जेसीबी, 6 एकड़ जमीन पर निर्माण ध्वस्त

### डीटीपी की टीम पुलिस बल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों पर डीटीपी की ओर से लगातार एक्शन लिया जा रहा है, लेकिन भू-माफिया अवैध कॉलोनियां काटने से बाज नहीं आ रहे है। कॉलोनी विकसित होने की सूचना मिलते ही जेसीबी मशीन उसे तोड़ने के लिए पहुंच जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को बावल से सांझरपुर व नरसिंहपुर गढ़ी रोड की राजस्व में डीटीपी की टीम ने दो स्थानों पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों का ध्वस्त किया। डीटीपी की टीम पुलिस बल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ सांझरपुर की राजस्व सीमा में जेसीबी मशीन लेकर पहुंची। जहां टीम ने 4 एकड़ भूमि पर विकसित हो रही कॉलोनी में 12 डीपीसी व 4 परिकास्ट चारदीवारी को जमींदोज कर दिया। कॉलोनी के लिए तैयार किए गए रोड नेटवर्क को भी समतल कर दिया गया। टीम ने बावल की राजस्व सीमा में नरसिंहपुर गढ़ी रोड पर 2 एकड़ की अवैध कॉलोनी में 4 डीपीसी, 2 परिकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को भी समतल कर दिया। डीटीपी की इस कार्रवाई से जमीन खरीदकर प्लॉटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ। एक माह में डीटीपी की टीम एक दर्जन से अधिक स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दे चुकी है।

**प्रशासन की सख्त कार्रवाई से भूमफियाओं में मचा हड़कंप**

**4 एकड़ भूमि पर विकसित हो रही कॉलोनी में पर चला बुलडोजर, कई निर्माण किए गए ध्वस्त**

अवैध निर्माण ध्वस्त करती डीटीपी की जेसीबी।



**फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉटों की बिक्री**



जिले के विभिन्न इलाकों में भूमाफिया किसानों की कृषि भूमि खरीदते हैं। इसके बाद सीएलयू के बिना ही उस पर प्लॉटिंग करते हैं। प्लॉटों में जमीन की रजिस्ट्री पर बैन होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉटों की बिक्री की जाती है। प्लॉट खरीदने वाले लोग जब मकान बनाना शुरू करते हैं, तो डीटीपी की जेसीबी अपना काम कर देती है। इससे प्लॉट खरीदने वाले व्यक्ति को दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद प्लॉट बेचने वाले लोग भी गायब हो जाते हैं।

### अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें: डीटीपी



आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे। यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक पेश करते हुए टीम।

विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## आईजीयू में ड्रग फ्री हरियाणा पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में सोमवार को ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एड्स कंट्रोल सोसायटी, यूथ रेडक्रास, प्रबंधन विभाग तथा नशा मुक्त भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल अधिकारी डा. बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हमें जीवन में नशे को ना कहना चाहिए। युवा रेडक्रॉस की कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डा. समृद्धि ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. दीपक वर्मा डिप्टी सिविल सर्जन थे। उन्होंने कहा कि नशा विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य एवं एचआईवी एड्स से संबंधित सभी बीमारियों की काउंसलिंग निःशुल्क उपलब्ध है।

**ये रहे परिणाम**

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में यदुवंशी इंजीनियरिंग कॉलेज से दिव्या प्रथम, यदुवंशी डिग्री कॉलेज महेन्द्रगढ़ से निधि वर्मा द्वितीय, आईजीयू एमबीए से सपना कुमारी तृतीय स्थान और प्रोत्साहन पुरस्कार तपरना आईजीयू एमए हिंदी ने प्राप्त किया। रील मेकिंग प्रतियोगिता में आईजीयू यूटीडी से रजत एवं टीम ने प्रथम, यदुवंशी कॉलेज महेन्द्रगढ़ ने द्वितीय तथा यदुवंशी डिग्री कॉलेज नारनौल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि व आईजीयू स्टाफ।

आशा वर्कर्स यूनियन की रैली

## जागरूकता रैली से दिया बेटियों को बचाने का संदेश



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में लोगों को जागरूक करती आशा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आशा वर्कर यूनियन हरियाणा का जागरूकता जत्था सोमवार को रेवाड़ी पहुंचा। यूनियन की कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर लोगों को बेटियों को बचाने, उन्हें समान शिक्षा और बराबरी का दर्जा देने का संदेश दिया। इस मौके पर राज्य प्रधान सुनीता ने कहा कि बेटियां समाज को जोड़ने वाली कड़ी हैं और उन्हें बेटों की तरह जीने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2019 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में 1000 बेटों पर मात्र 800 बेटियां होना समाज के लिए शर्मनाक स्थिति है।

**जानकारी दी**

सुनीता ने बताया कि यूनियन का यह जागरूकता अभियान 1 सितंबर से 29 सितंबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसमें रैलियों, बैठकों और जनसम्पर्क के जरिए लोगों को बेटियों के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि समाज की सोच बदली जाए और बेटियों को समान शिक्षा, अधिकार और सम्मान दिया जाए तभी सही मायने में समानता स्थापित हो सकेगी। राज्य प्रधान ने कहा कि लगातार घटता बेटियों का अनुपात समाज और देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी

## नठेड़ा में उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण को मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**कोसली।** गांव नठेड़ा में उपस्वास्थ्य केंद्र को मंजूरी के बाद इसके शिलान्यास को लेकर मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव के नेतृत्व में चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात की। इस अवसर पर नठेड़ा गांव के सरपंच मनोज कुमार, अधिवक्ता रमेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद शास्त्री एवं संजय राव मौजूद थे। वीरकुमार यादव ने कहा कि नठेड़ा गांव व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की लंबे समय से मांग रही है कि यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो। उपस्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा और गांव और आस पास के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।


रेवाड़ी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से भेंट करते वीर कुमार यादव व अन्य लोग।

दो दिन तक आसमान साफ रहने की संभावना सप्ताह के अंत में बदल सकता है मौसम

## लगातार दूसरे दिन भी साफ रहा मौसम अभी बारिश से राहत मिलने के आसार

**मौसम के बदले मिजाज के चलते फिलाहल राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पहले सप्ताह झमाझम बारिश के बाद दूसरे सप्ताह में मानसून का असर गायब होना शुरू हो गया है। लगातार दूसरे दिन आसमान लगभग साफ रहने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। तेज धूप निकलने के बाद गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो गया है। दो-तीन दिन तक आसमान साफ रहने की उम्मीद है। सप्ताह के अंत में कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप खिल गई। दोपहर तक तेज धूप के कारण गर्मी का असर बढ़ गया। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 34.6 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान 0.5 डिग्री बढ़कर 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का असर भी कम होने लगा है। मौसम साफ होने के कारण नमी 65 प्रतिशत पर आ गई, जबकि हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा रही। अभी तक हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक बना हुआ था।


रेवाड़ी। सोमवार शाम का छाए बरसात के बादल।

**बाजरे की कटाई का कार्य हुआ तेज**

मौसम साफ होते ही किसानों ने बाजरे की कटाई का कार्य तेज कर दिया है। अगेती फसल को बारिश से नुकसान हुआ है, लेकिन पछेती फसल बची हुई है। किसान जल्द से जल्द बाजरा निकालकर मंडियों तक पहुंचाने की तैयारी में हैं। हालांकि अभी तक बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा हो सकती है। किसानों ने कपास की चुगाई भी शुरू कर दी है, जिससे यह फसल भी जल्द मंडियों में आनी शुरू हो जाएगी।

पर्यावरण पर स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

## अहीर कॉलेज से पलक व गर्ल्स कॉलेज रेवाड़ी से हनी बनी विजेता, मिला सम्मान

**प्रतियोगिता में कई कालेजों की टीमों के प्रतिभागियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन**

**रेवाड़ी।** सोमवार को सेक्टर-18 राजकीय कन्या महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'डे लॉन्ग बाजार' के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता विषय पर प्रकृति पोषण सुरक्षित भविष्य के संदेश के साथ अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के अनेक कॉलेजों से टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने की।


विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य व स्टाफ।

**ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम**

कार्यक्रम की संयोजक डा. राजेश कुमारी ने बताया कि डे लॉन्ग बाजार कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण जागरूकता विषय पर प्रश्नोत्तरी में सात टीमों ने भाग लिया। मेजबान महाविद्यालय के अलावा राजकीय महाविद्यालय बावल, राजकीय कन्या महाविद्यालय बावल, राजकीय कन्या महाविद्यालय पाली, केएलपी कॉलेज, अहीर कॉलेज तथा आरडीएस गर्ल्स कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में राजकीय कन्या महाविद्यालय रेवाड़ी ने प्रथम, राजकीय कन्या महाविद्यालय बावल ने द्वितीय व आरडीएस गर्ल्स कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस के अलावा स्लोगन प्रतियोगिता में अहीर महाविद्यालय से पलक ने प्रथम।

डीसी ने राष्ट्रीय पोषण माह के मद्देनजर ली अधिकारियों की बैठक

## जिले में 17 से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा आठवां राष्ट्रीय पोषण माह

**लघु सचिवालय सभागार में राष्ट्रीय पोषण अभियान की समीक्षा की गई**

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए लोगों की सोच में परिवर्तन लाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में हम अपनी भागीदारी कर सकते हैं। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में राष्ट्रीय पोषण अभियान के मद्देनजर महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।


विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी अभिषेक मीणा।

**बचपन और किशोरावस्था के बारे जागरूक करना जरूरी**

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, बचपन की देखभाल-शिक्षा और स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आठवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस बार पोषण अभियान को महिला एवं बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन के महत्वपूर्ण चरणों गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन और किशोरावस्था के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**सियासत** जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने अभिमन्यु राव को बनाया प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष

## अभिमन्यु में बढ़ा दुष्यंत का विश्वास संगठन में अहीर नेता का बढ़ाया रुतबा

**संगठन में कद बढ़ाने के बाद अभिमन्यु राव ने पूर्व डिप्टी सीएम का जताया आभार**

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

अहीरवाल क्षेत्र की राजनीति पूरे प्रदेश की राजनीति को प्रभावित करती है। पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का इस क्षेत्र से विशेष लगाव रहा, जिसके चलते वर्ष 2000 में वह सीएम भी बने। चौटाला ने संगठन में इस क्षेत्र को जिस तरह महत्वपूर्ण स्थान दिया, ठीक उसी तरह दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी में अपने खास समर्थक अभिमन्यु राव को पदोन्नति देकर उनका पार्टी में कद बढ़ा दिया है। पूर्व सीएम ओपी चौटाला ने सक्रिय राजनीति में रहते हुए दक्षिणी हरियाणा पर सबसे अधिक फोकस रखा था। उन्होंने सरकार में रहते हुए अहीर नेताओं को मंत्रिमंडल में व्यापक स्थान दिया, तो संगठन में भी इस क्षेत्र को उपेक्षित नहीं रखा। चौटाला ने इनेलो में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष का पद देकर पूरा सम्मान दिया था। उसी तर्ज पर इनेलो से अलग जेजेपी बनाने के बाद दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के भतीजे अभिमन्यु राव को पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया था। अभिमन्यु राव ने दुष्यंत चौटाला के प्रति पूरे समर्पित भाव से काम किया। भाजपा के साथ गठबंधन टूटने से कुछ समय पहले ही उन्होंने सहारनवास में तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की बड़ी जनसभा कराई थी।


रेवाड़ी। पूर्व डिप्टी सीएम से मुलाकात करते अभिमन्यु राव उनके समर्थक।

**अभिमन्यु के साथ यह समर्थक रहे मौजूद**

जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला से मुलाकात करने वालों में अभिमन्यु राव के साथ विपिन यादव, संदीप श्योराण, सोनू जांगिड़, सतेन्द्र झाबुआ, राजू बावल, ज्योति संगवान, सन्नी तातारपुर,योगेश बखापुर, आजाद पटेल, नरेश माजरा, विकास, हरेंद्र, राहुल, परमजीत, मोनू मनेठी, महिपाल गुर्जर, जेडी, यस डागर, कपिल, भोलू व वीरू सहित कई समर्थक मौजूद रहे।

**दुष्यंत का आभार जताने पहुंचे राव**

संगठन में कद बढ़ाने के बाद अभिमन्यु राव ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के दिल्ली निवास पर अपने समर्थकों सहित पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिमन्यु राव ने कहा की संगठन की मजबूती के लिए संपूर्ण दक्षिण हरियाणा के साथ प्रदेश के प्रत्येक जिले के गांव-गांव एवं प्रत्येक कस्बे में जाकर कार्यकताऱ्ओं की नई फौज तैयार करेंगे। अभिमन्यु राव ने कहा कि प्रदेश व देश की जनता बीजेपी के शासन से तंग आ चुकी है। गरीबों के बीपीएल राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। पेंशन के लिए बुजुर्ग सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। आने वाला समय जननायक जनता पार्टी का है। लोग बड़े उत्साह के साथ पार्टी में वापसी कर रहे हैं।